
**गतिविधि 10.** *बच्चों से पाठ में उपयोग किये गए 'प' वर्ण पर बात करें व रोज़मर्रा कि भाषा में 'प' वर्ण से शुरू होने वाले शब्दों को सोच कर बोलने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें जैसे– पानी, पटरी, पेड़, पेटी आदि। नीचे दी हुई गतिविधि को उन्हें 'प' वर्ण से शुरू होने वाली वस्तुओं के नाम के साथ तारा का निशान बनाना है और ज़ोर से बोलकर उस वस्तु का नाम बताना है। एक उदाहरण सुविधा के लिए दिया गया हैं।*




**गतिविधि 11.** *अभिभावक बच्चों से नीचे दिये गए वर्ण और मात्रा की पहचान कराएं तथा दी गयी जगह में सही क्रम से लेखन करवाएँ और बच्चों को वर्ण प और मात्रा आ को पाँच बार लिखने के लिए कहेंगे।*

| प | प | प | ........................................ |
|---|---|---|---|
| ा | ा | ा | ........................................ |

**गतिविधि 12.** *नीचे गोले में दिए गए वर्णों पर 'आ' की मात्रा लगवाते हुए दिए गए गुलदस्ते को बच्चों को पूरा करने को कहें। सहयोग के लिए उदाहरण दिया गया हैं।*




**गतिविधि 13.** *सामने कुछ पत्तियों के चित्र दिए हुए है, इन पत्तियों के नाम, दी गयी तालिका में इनके आकारों के आधार पर लिखिए।*




| छोटी | बड़ी | गोल | लम्बी |
|---|---|---|---|
| | | | |

*निर्माणकर्ता*
*हेमेंद्र चौहान, ब्लॉक – भगवानपुर, पारुल शर्मा, ब्लॉक – भगवानपुर*
*प्रवीन कुमार, ब्लॉक– लक्सर, अनुराधा, ब्लॉक – नारसन, जिला – हरिद्वार*

*तकनीकी सहयोग*
*–रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट*

शिक्षा का अधिकार
समग्र शिक्षा
सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

Room to Read

## कक्षा– 1, वर्क शीट–4 (साप्ताहिक)

**पाठ– 4 ( पत्ते ही पत्ते )**

| बच्चे का नाम........................ | स्कूल........................................ |
|---|---|
| अभिभावक का नाम................. | मोबाइल नम्बर.............................. |

*अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।*


**गतिविधि 1.** *नीचे दिया गया चित्र बच्चों कि कक्षा 1 की पाठ्यपुस्तक रिमझिम के पाठ 4 पर आधारित है। इस चित्र को दिखाते हुए बच्चों से बातचीत करें। जैसे– इस चित्र में आपको क्या–क्या नज़र आ रहा है? चित्र में बच्चे क्या कर रहे हैं? क्या आप भी ऐसी जगह गए हैं? यदि हाँ तो उस जगह में और इस चित्र में क्या अंतर है? क्या कभी आपने कोई पौधा लगाया है? यदि हाँ तो कौन–सा पौधा लगाया है? और कहाँ? यदि नहीं तो आप कौन–सा पौधा लगाना चाहेंगे और क्यों? चित्र में दिख रहे पक्षियों के अलावा आप और किन पक्षियों को पहचानते हो उनके नाम बताओ। चित्र में दिख रहे फूल कौन–कौन से हैं? क्या आप उनके नाम बता सकते हो? क्या सभी पेड़–पौधों के पत्ते एक समान आकार के हैं? यदि नहीं तो सोचो वे किस तरह के आकार के हैं? आपने जिन पेड़ पौधों के पत्ते देखे हैं उनके बारे में बताओ। जैसे– बड़े, छोटे, गोल, लम्बे आदि।*




**गतिविधि 2.** *नीचे दिए गए चित्रों में से जो फूल ऊपर के चित्र में दिए गए हैं उन फूलों को पहचान कर उन पर गोले बनाओ और बताओ कि इनमे से कौन से फूल आपके घर या विद्यालय के आस–पास पाए जाते हैं।*




**गतिविधि 3.** *बच्चों को सामने दिए गए चित्र में चार पत्तों में से जो पत्ता आम का है उसकी पहचान कर उसे आम तक पहुचाने को कहें।*



**गतिविधि 4.** *नीचे दी गयी ग्रिड में जो चित्र दिखाए गए हैं बच्चों को उनके नाम पहचान कर गोला बनाने को कहिए।*




**गतिविधि 5.** *बच्चों से अलग–अलग आकर के पत्ते इकट्ठे करने को कहें। फिर उन पत्तों को बच्चों से अलग–अलग रंगों से रंगने को कहें। बच्चों से रंगे हुए पत्तों कि छाप अपनी आर्ट कॉपी में लेने को कहें। छाप सूखने पर बच्चे पाएँगे की उन्होंने पत्तियों से सुंदर पैटर्न बनाये हैं। नीचे दिए गए चित्रों कि मदद से आप ये गतिविधि करा सकते हैं।*






**गतिविधि 6.** *सामने दिए गए चित्र में बच्चों को उनके पाठ के आधार पर समझ के अनुसार रंग भरने के लिए कहें।*




**गतिविधि 7.** *बच्चों से उनके परिवेश में उगाई जाने वाली सामान्य सब्जियों पर चर्चा करें। उनसे बात करें कि उन्हें क्या पसंद है? और क्या नापसंद है? उनकी पसंद और नापसंद के पीछे का कारण उन्ही से निकलवाऐं और निष्कर्ष भी उन्ही को निकालने दें। इसके उपरांत बच्चों को सब्जियों के गुणों व उनके लाभ के बारे में बताते हुए दी गई गतिविधि करने को कहें जिसमें उन्हें अपनी मनपसंद सब्जी अपनी थाली तक ले जानी है (अभिभावकों से अनुरोध है कि बच्चों को खाने में सलाद जरूर परोसे व उसके लाभ भी बताएं)*




*मेरी थाली,–*



**गतिविधि 8.** *नीचे दिया गया पाठ बच्चों कि पाठ्यपुस्तक रिमझिम के पाठ– 4 से लिया गया है इस पाठ को बच्चों के साथ जरूर पढ़ें और बच्चों को स्वयं भी चित्रों के माध्यम से समझने का अवसर दें। (पाठ– पत्ते ही पत्ते)*







**गतिविधि 9.** *बच्चों को ऊपर पाठ में दिए गए पत्तों के आकारों के आधार पर घर में या घर के आस पास स्थित पेड़ पौधों से पत्तियाँ इकट्ठी करने को कहें व उन पत्तियों के पाठ में दिए गए आकारों के आधार पर बातचीत करें।*

*इकट्ठा कि गयी पत्तियों को उनके पौधों के नाम के साथ (यदि संभव हो अन्यथा उन्हें स्वतंत्र रूप से ये कार्य करने दें) नोट बुक में टेप कि मदद से चिपकाने को कहें एवं निम्नलिखित शब्दों के उच्चारण में बच्चों की सहायता करें।*

